**भारत सरकार**

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 427**

**बुधवार, 16 सितम्बर, 2020/25 भाद्रपद, 1942 (शक)**

**बिहार में कृषि और पर्यटन के क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में वृद्धि**

**427. श्री सतीश चंद्र दुबे:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कार्यनीतिक रूप से श्रम सघन विनिर्माण को बढ़ावा देने और कृषि एवं पर्यटन के क्षेत्रों को बढ़ावा देकर इन पर आधारित उद्योगों में नौकरी के अवसरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) चालू वर्ष और आगामी तीन वर्षों में कृषि और पर्यटन आधारित उद्योगों को स्थापित करने/ बढ़ावा देने की राज्य-वार क्या योजना है तथा इन क्षेत्रों में बिहार राज्य में जिले-वार कितने व्यक्तियों का नियोजन प्रस्तावित है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) से (ग): वर्ष 2011 में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय विनिर्माण नीति वस्त्र और परिधान, चमड़ा और फुटवीयर, रत्न और आभूषण और खाद्य प्रसंस्करण आदि जैसे गहन रोजगार उद्योगों को विशेष ध्यान देने वाले क्षेत्रों के रूप में चिन्हित करती है। यह नीति लघु उद्योगों पर विशेष ध्यान देती है, क्योंकि यह विविध भौगोलिक क्षेत्रों में स्वनियोजन और नौकरियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग के राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के अंतर्गत कृषि पर्यटन परियोजना की उपलब्ध सूची अनुबंध में दी गई है।

* ****

अनुबंध

**दिनांक 16.09.2020 के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 427 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग के राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत कृषि पर्यटन परियोजनाओं की सूची

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | राशि (करोड़ में) | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओडिशा | कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), मयुर भंज-II, जाशीपुर में मॉडल कृषि पर्यटन केंद्र की स्थापना। | 2.500 | 2018-19 |
| 2. | राजस्थान | माउन्ट आबु, सिरोही में फूलों की खेती, भूदृश्य निर्माण, सजावटी बागवानी और कृषि - पर्यटन हेतु राजहंस केंद्र। | 10.00 | 2018-19 |

नोट: आरकेवीवाई पोर्टल पर संबंधित राज्य सरकार द्वारा दिए गए आंकड़ों पर आधारित ।

*****